दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्य मार्ग में खतरनाक तरीके से वाहन खड़ी करने वाले चालकों के ड्रायविंग लायसेंस और वाहन किया गया जब्त

**छाल।** थाना प्रभारी छाल निरीक्षक विवेक पाटले द्वारा दिनांक 17.05.2021 को स्टाफ के साथ क्षेत्र की पेट्रोलिंग पर थे। इस दौरान ग्राम बांधापाली चौक के पास मुख्य मार्ग में देखें कि ट्रेलर क्र0 सीजी10 एक्य 9799, ट्रेलर क्र0 सीजी 11 एएन 7707 एवं ट्रेलर क्र0 सीजी 13 वाई 3935 के चालकों अपनी खाली ट्रेलर को खतरनाक तरीके से रोड़ पर खड़ी कर दिए थे, जिससे आने जाने वाले को परेशानी हो रही थी, साथ ही उनके खतरनाक तरीके से वाहन खड़ी करने पर दुर्घटना को संभावना बनी थी। थाना प्रभारी द्वारा ट्रेलर चालकों को वाहन समेत थाना लेकर आये। वाहनों एवं चालकों के ड्रायविंग लायसेंस जप्त कर वाहन चालकों के विरूद्ध थाना छाल में धारा 283 भादवि की कार्यवाही की गई है। सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने यह कार्यवाही सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत निरंतर की जावेगी।

### बाइक में महुआ शराब का परिवहन करते दो गिरफ्तार, 18 लीटर शराब व बाइक जब्त



**रायगढ़।** मंगलवार को थाना कोतवाली प्रभारी टीआई मनीष नागर के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर सार्किट हाउस तिराहा पर नाकेबंदी कर मोटर सायकल बजाज प्लेटीना क्रमांक सीजी-13 एए 1823 में दो व्यक्तियों को प्लास्टिक बोरी में महुआ शराब लेकर आते हुये पकड़े। मोटर सायकल का चालक अपना नाम सुदर्शन सारथी पिता अजय सारथी उम्र 20 साल तथा पीछे बैठा गजेश्वर सारथी पिता सीता राम सारथी उम्र 23 साल दोनों निवासी जोगीडीपा थाना कोतवाली रायगढ के कब्जे से 18 लीटर महुआ शराब किमती 5,400 रूपये की जप्ती की गई है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा आरक्षक मनोज पटनायक की सक्रिय भूमिका रही है।

### वैक्सीनेशन सेंटर में अव्यवस्था उत्पन्न करने वाले युवक पर थाना पुसौर में एफआईआर...



**पुसौर।** मंगलवार को दोपहर करीब 12:00 बजे पुसौर थाने के सहायक उपनिरीक्षक इगेश्वर यादव , हमराह स्टाफ के साथ कंटेनमेंट जोन, वैक्सीनेशन सेंटर में पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था चेक किया जा रहा था। इसी दौरान उन्हें महलोई वैक्सीनेशन सेंटर में एक युवक द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन किए जाने की सूचना मिली। एएसआई इगेश्वर यादव वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे जहां ग्राम महलोई निवासी अर्चिसमान मिश्रा पिता बुद्धदेव मिश्रा उम्र 31 वर्ष पहले वैक्सीन डोज लगाने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर खड़े लोगों को धक्का-मुक्की करते हुए वैक्सीनेशन सेंटर के अंदर घुस कर मेडिकल सपोर्ट स्टाफ के साथ अभद्रता करने लगा। प्रभारी थाना पुसौर आरोपी युवक अर्चिसमान मिश्रा को पुलिस हिरासत में लेकर थाने लाए, आरोपी के विरुद्ध धारा 269, 270 भादवि की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### रेल लाईन के किनारे मिली एक व्यक्ति की लाश

**रायगढ़ । (आरएनएस)।** रायगढ़ जिले के चक्रधरनगर इलाके में रेल लाईन के किनारे एक व्यक्ति की लाश मिलने के बाद सनसनी फैली हुई है। रेल लाईन के किनारे लाश मिलने की सूचना चक्रधरनगर को राहगिरो ने दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने लाश को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने लाश की शिनाख्ती संतोष यादव के रूप में की गई है। मृतक की मौत कैसे हुई पुलिस अभी यह बता नहीं पा रही है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही इसका खुलासा हो पायेगा।

## चपले में शुरू होने जा रहा है 50 ऑक्सीजन बेड युक्त कोविड केयर सेंटर

» जिला अस्पताल रायगढ़ में शुरू होगी पोस्ट कोविड ओपीडी

» कलेक्टर सिंह ने ली समय सीमा की बैठक



**रायगढ़।** कोरोना संक्रमण की दर में कमी और टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव में मैदानी अमले के माध्यम से जागरूकता को बढ़ावा देना होगा। इसके लिए ग्राम स्तर के शिक्षक, सचिव, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से कोविड रोकथाम और टीकाकरण से जुड़ी वास्तविक जानकारी लोगों तक पहुंचानी है। ताकि संक्रमण की दर को नियंत्रित कर न्यूनतम किया जा सके। इससे गंभीर मरीजों की जल्द पहचान करने और मृत्यु दर में कमी लाने में भी सहायता मिलेगी। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। इसके लिए एसडीएम के साथ संबंधित अधिकारियों को अपने ग्राम स्तर के कर्मचारियों के साथ समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रशासन स्तर से की जाने वाली डेथ ऑडिट के अलावा अस्पतालों को अपनी इंटरनल ऑडिट करने के लिए कहा। जिससे गंभीर मामलों के इलाज के लिए नॉलेज शेयरिंग को बढ़ावा मिले। बैठक के दौरान ऑक्सीजन बेड बढ़ाने को लेकर चर्चा की गयी। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने पिछले दिनों समीक्षा बैठक के दौरान चपले हॉस्पिटल में 50 ऑक्सीजन बेड की सुविधा तैयार करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर भीम सिंह ने अस्पताल प्रारम्भ करने के कार्यों की समीक्षा करते हुए अगले 1 दिन के भीतर 50 ऑक्सीजन बेड तैयार करने के निर्देश एसडीएम तथा सीएमएचओ को दिए। इसके साथ ही उन्होंने खरसिया सिविल अस्पताल में 50 ऑक्सीजन बेड की सुविधा तैयार करने पाइपलाइन फिटिंग का काम चालू कराने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर में 100 ऑक्सीजन बेड के लिए चल रहे पाइप लाइन फिटिंग का काम भी जल्द पूरा करने के लिए कहा।

कलेक्टर सिंह ने रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में 24 घंटे संचालित सैंपलिंग सेंटर्स में हमेशा सैंपलिंग की सुविधा मिले इसके निर्देश देते हुए अधिकारियों को इसकी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बॉर्डर इलाकों के साथ औद्योगिक क्षेत्रों में जांच की जानकारी ली। उन्होंने उद्योगों द्वारा बनाए गए क्वारेंटीन सेंटर्स और उसमें निवासरत लोगों की जानकारी बनाकर देने के निर्देश उद्योग विभाग के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर सिंह ने बीते दिनों हुई बारिश के चलते फसल क्षति के प्रकरणों की जानकारी ली। बताया गया कि सारंगढ़, रायगढ़ और पुसौर से प्रकरण तैयार कर आपदा एवं राहत शाखा में भेजे गए हैं। यहाँ से आगे की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर सिंह ने खाद्य अधिकारी से समितियों से धान उठाव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 31 मई तक उठाव कार्य पूर्ण करना है।

इस दौरान एडीएम राजेन्द्र कटारा, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्रा, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

❒ **जिला अस्पताल में चलेगी पोस्ट कोविड ओपीडी–** कलेक्टर भीम सिंह ने ब्लैक फंगस के केसेस को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि इसके लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमेटी गठित कर दी गयी है। जो केसेस आने पर इलाज का काम देखेगी। कलेक्टर सिंह ने इसके लिए जरूरी दवाओं की व्यवस्था हेतु सीजीएमएससी से समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोस्ट कोविड लक्षण वाले व्यक्तियों के लिए जिला अस्पताल में ओपीडी संचालित करने के लिए कहा। मरीजों की मनोवैज्ञानिक हेल्प के लिए उन्होंने साइकियाट्रिक क्लिनिक चलाने के निर्देश दिए।

❒ **होम आइसोलेशन का मापदंड पूरा नही करने वाले मरीजों का हॉस्पिटल में होगा इलाज–** होम आइसोलेशन रैपिड रिस्पांस टीम के कार्यों की समीक्षा की। होम आइसोलेटेड मरीजों यदि दिशा निर्देश का उल्लंघन करते हैं आउट घर से बाहर निकलते हैं तो उन पर एफआईआर दर्ज करवाने के लिए कहा। उन्होंने फॉलोअप कॉल्स का जवाब नही देने वाले होम आइसोलेटेड मरीजों को तत्काल अस्पताल शिफ्ट करने के निर्देश दिए। होम आइसोलेशन अलॉटमेंट के दौरान क्राइटेरिया के तहत जरूरी व्यवस्थाएं नहीं होने वाले मरीजों को भी अस्पताल में शिफ्ट कर उनका इलाज करने के लिए कहा। होम आइसोलेशन वाले घरों से नियमित कचरे का उठाव करने के भी निर्देश दिए।

❒ **नही हो कोई अनट्रेसड पॉजिटिव केस–** कलेक्टर सिंह ने सभी विकासखंडों में टेस्टिंग पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने रिप्रेजेन्टेटिव सैंपलिंग करने के निर्देश दिए जिससे संक्रमण विस्तार की जल्द पहचान की जा सके। उन्होंने कहा कि आरटीपीसीआर कि रिपोर्ट 48 घंटे और ट्रूनाट की रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर देनी है। इस दौरान उन्होंने सभी टेस्टिंग सेंटर्स में टेस्ट कराने वालों के मोबाइल नंबर वेरिफिकेशन कर नंबर सही तथा चालू स्थिति में है इसकी जांच करने के लिए कहा। जिससे अनट्रेसड पॉजिटिव केसेस की संख्या को घटाकर शून्य करना है। रिपोर्ट मिलने के बाद तत्काल मरीज से संपर्क कर उसका इलाज करना संभव होगा।

## होम आइसोलेशन में रहने के लिए अब पोर्टल के जरिये हो सकेगा आवेदन

» रायगढ़ शहरी क्षेत्र के मरीजों को मिलेगी सुविधा

**रायगढ़ ।** रायगढ़ में कोविड पॉजिटिव आये मरीजों के लिए होम आइसोलेशन अलॉटमेंट तथा फॉलोअप कार्य को सुविधा जनक बनाया जा रहा है। यह कार्य अब पोर्टल के जरिये होगा। अभी शुरुआत में यह सुविधा रायगढ़ शहरी क्षेत्र के मरीजों को ही मिलेगी। इसके लिए होम आइसोलेशन चाहने वाले व्यक्ति को cghomeisolation.com पर जाकर आवेदन करना होगा। इसमें उन्हें अपनी पूरी डिटेल्स भरनी होगी। जिसमें मरीज का नाम, पता, आयु सैंपलिंग की डेट, रिपोर्ट की डेट, कोमॉर्बिड हैं या अन्य कोई और बीमारी है, मेडिकल हिस्ट्री जैसी जानकारी पोर्टल में इंट्री करनी होगी। इसके बाद मरीज इसमें यूजर नेम और पासवर्ड के जरिये अपना अकॉउंट बना पायेगा। पोर्टल में मरीज को टेली कालिंग के लिए डॉक्टर चुनने का विकल्प भी मिलेगा। सारी जानकारी भरने के पश्चात कोविड होम आइसोलेशन गाइडलाइन्स के अनुसार आवेदन किये हुए व्यक्ति को होम आइसोलेशन में रहने की पात्रता है या नही इस आधार पर उसका आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत किया जाएगा। स्वीकृत किये जाने पर मरीज को घर पर रहकर इलाज कराने की अनुमति मिलेगी। आवेदन अस्वीकृत किये जाने पर मरीज को हॉस्पिटल शिफ्ट कर इलाज किया जाएगा। जिन मरीजों का होम आइसोलेशन स्वीकृत किया जाता है उन्हें आइसोलेशन दिनांक से अगले 17 दिन तक दिन में चार बार प्रातः 8 बजे, दोपहर 12 बजे, शाम 4 बजे और रात 8 बजे अपना ऑक्सीजन सेचुरेशन, पल्स और तापमान की रीडिंग पोर्टल में लॉगिन कर अपडेट करना होगा।

## धरमजयगढ़ में तैयार हुआ 50 ऑक्सीजन बेड का कोविड केयर सेंटर, विधायक लालजीत सिंह ने किया शुभारंभ



**रायगढ़ ।** जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या को देखते हुये धरमजयगढ़ में भी कोविड से संक्रमित मरीजों को इलाज की पर्याप्त सुविधा मिले इसके लिए धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया की पहल पर धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल को कोविड केयर सेंटर बनाया गया है। यहां 50 ऑक्सीजन बेड तथा 20 नार्मल बेड की सुविधा तैयार की गयी है। जिसका शुभारंभ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने किया। धरमजयगढ़ में कोविड केयर सेंटर तैयार हो जाने से अब यहां के निवासियों को इलाज के लिए स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मुहैय्या हो पाएगी।

विधायक राठिया ने कहा कि जिले में कोविड के संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिला स्तर पर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गयी हैं। इसके साथ ही जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर धरमजयगढ़ में भी मरीजों की सुविधा के लिए 50 ऑक्सिजनेटेड बेड वाला कोविड केयर सेंटर शुरू किया गया है। इससे आसपास के इलाकों के गंभीर मरीज जिन्हें ऑक्सीजन की जरूरत होती है, वे अब इस कोविड केयर सेंटर में मिल पाएगी। कोविड केयर सेंटर में कोविड पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी के लिये पृथक वार्ड बनाया गया है। इसके साथ ही यहां सीसीटीवी और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था भी की गयी है। सिविल अस्पताल में कोविड केयर सेंटर प्रारम्भ करने से अन्य मरीजों के इलाज के लिए ओपीडी और आईपीडी तथा सिविल अस्पताल के अन्य कार्य प्रभावित न हो इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं खेल परिसर में की गयी हैं। यह सुविधाएं यहाँ सिविल अस्पताल के समान 24 घंटे मिलेंगी। इसके साथ ही प्रसव की सुविधा नजदीकी बायसी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में की गयी है।

## सोशल मीडिया पर प्रचारित कोविड के इलाज संबंधी भ्रामक बातों से रहे दूर

» डॉक्टरी सलाह पर लें इलाज, पात्र है तो जरूर लगवायें वैक्सीन

**रायगढ़ ।** कोरोना वायरस को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की भ्रामक बातें फैलाई जा रही हैं। किसी को लहसुन में वायरस का इलाज दिख रहा है, तो कोई श्वास रोककर फेफड़ों की मजबूती को जांच रहा है। इस तरह की गलत जानकारियां बीमारी के प्रति लोगों के बर्ताव में अनुचित बदलाव लाती हैं और संकट को गहरा कर देती हैं। कोरोना महामारी इलाज के लिये लक्षण दिखते ही टेस्टिंग, डाक्टरी सलाह के अनुरूप ही दवा व इलाज लेना तथा पात्र होने पर वैक्सीन लगाना ही कोविड से बचाव के कारगर उपाय है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में एक एडवायजरी जारी करते हुये लोगों से अपील की है कि वायरस से स्वयं को व दूसरों को सुरक्षित रखने के लिये भ्रामक बातों के चक्कर में न पड़े तथा कोविड अनुकूल व्यवहार मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंस बनाये रखना और हाथों को सेनेटाईज करते रहना जरूरी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुये बताया कि लहसुन खाने से कोविड-19 को रोका या ठीक नहीं किया जा सकता। लहसुन एक प्राकृतिक औषधि है व इसमें प्राकृतिक एण्टीबायोटिक वाले गुण भी होते है परंतु इससे आशय नहीं है कि यह हमें कोविड-19 वायरस से पूर्णरूप से बचाव या ठीक करेगा। कोरोना वायरस से स्वयं को बचाने के लिये आप दूसरों से सुरक्षित दूरी बनायें रखें तथा सोशल डिस्टेंस बनायें रखें और हाथों को बार-बार अच्छी तरह से धोते रहें।

अपनी सांस रोककर रखना कोविड-19 का परीक्षण नहीं है, बिना खांसे या बेचैनी महसूस किए 10 सेकेंड या उससे अधिक समय तक अपनी सांस रोक पाने में सक्षम होने का मतलब यह नहीं कि आप कोविड-19 या फेफड़ो की अन्य बीमारी से मुक्त है।

नियमित सेलाइन से अपनी नाक को धोने से श्वसन संक्रमणों से बचाता है कि वे आपको सामान्य सर्दी से तेजी से ठीक होने में मदद कर सकते है। कोविड-19 वायरस इतना नया और अलग-अलग स्ट्रेन में मौजूद है कि इसके लिये स्वयं को टीका लगाकर सुरक्षित किया जा सकता है।

इसलिये अफवाहों को ध्यान न दें, पेनिक होने से बचें, भीड़ का हिस्सा न बनें। कोरोना के बारें में ऑनलाइन भ्रामक जानकारी से लोगों में दहशत न फैलायें। सोशल मीडिया में कोरोना महामारी को लेकर स्वयं में नाकरात्मक सोंच से बचें और सकारात्मक सोंच रखें। स्वस्थ रहें और सुरक्षित रहें।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में ऑनलाइन प्रवेश शुरू




» सीजीस्कूलडाटइन के लिंक में 10 जून तक सकते है ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़ ।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रायगढ़ में शिक्षा सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है। विद्यार्थी, अभिभावक 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य श्रीमती वंदना रोहिल्ला ने बताया कि कक्षा पहली में 40 तथा कक्षा ग्यारहवीं में 40 सीट उपलब्ध है। कक्षा ग्यारहवीं के लिए अंग्रेजी माध्यम से पढ़े बच्चों को प्रवेश दिया जायेगा। कक्षा ग्यारहवी में जीवविज्ञान, गणित और वाणिज्य विषय की सीट उपलब्ध है। कक्षा में कुल उपलब्ध सीट में से 50 प्रतिशत सीट में बालिकाओं को प्राथमिकता में प्रवेश दिया जाएगा। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को कुल रिक्त सीट में से 25 प्रतिशत के विरुद्ध प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक छात्र/अभिभावक लिंक http://cgschool.in/saems/studentadmission/studentadmission.aspx में जाकर आवेदन कर सकते है।

## लॉकडाउन के उल्लंघन पर अब तक दर्ज मामलों में एसपी ने जताई नराजगी, कार्रवाई बढ़ाने के दिए निर्देश

» कंट्रोल रूम से एसपी ने ली थाना व चौकी प्रभारियों की वर्चुअल मीटिंग

» ऑनलाइन फ्रॉड में पीडितों के रकम रिकवर करने पूरा प्रयास करें थाना प्रभारीगण

» लंबे समय से गैरहाजिर अधिकारी, कर्मचारियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही



रायगढ़। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा लॉकडाउन के बीच अपराधों की समीक्षा तथा लॉकडाउन दौरान की गई कार्यवाही को लेकर पुलिस नियंत्रण कक्ष से थाना, चौकी प्रभारियों की वर्चुअल मीटिंग लिया गया। कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए पुलिस कन्ट्रोल रूम में शहर के राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारीगण शामिल हुए शेष राजपत्रित अधिकारी व प्रभारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक से जुड़े।

एसपी संतोष सिंह द्वारा सबडिवीजन सारंगढ़ की समीक्षा कर वर्चुअल मीटिंग की शुरुआत की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्चुअल मीटिंग में सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि लाकडाउन का पालन कराने के साथ ही अपराध, शिकायतों का भी निकाल होना चाहिए। ड्यूटी दौरान संक्रमित अधिकारी, कर्मचारियों की जानकारी लेकर लंबे समय से गैरहाजिर रहने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने फाइल तैयार कर पेश करने निर्देशित किया गया।

अपराध समीक्षा दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ऑनलाइन ठगी के मामलों में थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे प्रकरणों में पीड़ित के रुपए रिकवर करने का भरसक प्रयास करें। एसपी रायगढ़ द्वारा आने वाले दिनों में पूरे जिले में एक सिरे से ऑनलाइन ठगी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाना बताएं।

महुआ शराब बिक्री की शिकायतों के अनुरूप कई थाना क्षेत्र में कार्यवाही को कम बताते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

लंबे लॉकडाउन के दौरान कोविड-19 की गाइडलाइन के उल्लंघन पर दर्ज किए गए एफआईआर से असंतुष्ट होकर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से थाना प्रभारियों को हिदायत दिया गया कि द्यश्चष्द्मस्रश2ठ्ठ पर नरमी न बरते, जहां कहीं नियमों की अनदेखी हो रही हो एफआईआर दर्ज किए जायें।

सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा कर पुलिस अधीक्षक बताए कि लाकडाउन में सड़क दुर्घटनाओं में जिस प्रकार कमी आनी चाहिए वह नहीं देखी गई है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही अपेक्षाकृत कम हुये हैं। ड्रंकन ड्राइविंग, खतरनाक तरीके से हाइवें पर वाहन खड़ी करने वालों पर कार्यवाही कम हो रही है जिसे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारियों को इंटर स्टेट व डिस्ट्रिक्ट बेरियर में आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों पर कार्यवाही नहीं हो इसका ध्यान दिए जाने के लिये कहा गया है।

बैठक में उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों को बताए कि कोरोना रिकवरी रेट बेहतर है। पुलिसकर्मियों को वैक्सीनेशन के दोनों डोज लग चुके हैं, वो भी सभी प्रकार के सावधानी बरतें, अगर संक्रमीत हो भी जाएं तो घबराए नहीं , समय पर दवाइयां ले।

समीक्षा बैठक में थाना लैलूंगा के शिकायत निकाल की स्थिति पर पुलिस अधीक्षक नाराज हुए वहीं भूपदेवपुर क्षेत्र में बिना मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग पर हुई कार्यवाही को बेहतर बताए तथा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को दो हफ्तों के भीतर लॉकडाउन के उल्लंघन के मामलों में अधिक से अधिक कार्यवाही करने निर्देश दिया गया है। साथ ही उनके द्वारा पुलिस हेल्प डेस्क के जरिए जरूरतमंदों की मदद जब तक लॉकडाउन प्रभावसील है किये जाने निर्देशित किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480